तापमान

भोपाल	27.0°	18.4°
इंदौर	35.4°	20.3°
जबलपुर	34.3°	14.8°
ग्वालियर	31.7°	28.2°

दैनिक
नईदुनिया

भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित

वर्ष- 77
(भोपाल: वर्ष 39 अंक 93,पृष्ठ 12)
शनिवार 2 मार्च 2024
राजधानी संस्करण
कीमतः 3:00 रुपये

राजधानी... प्रदेश के सभी विभागों के सहयोग से चलाया जाएगा...

अंचल... प्रोजेक्ट अलंकार के कार्यों और प्रीमियम स्मार्ट क्लास का...

व्यापार... केंद्र सरकार ने 28 राज्यों को 1.42 लाख करोड़ रूपए...

देश-विदेश... तीन मार्च को चुना जाएगा पाकिस्तान का नया...

www.naiduniaonline.com

संदेशखाली की महिलाएँ जब मदद मांग रही थीं तो...

बंगाल की मुख्यमंत्री आरोपियों को बचाने में व्यस्त थीं: मोदी

प्रधानमंत्री ने हुगली जिले के आरामबाग में सार्वजनिक रैली को किया संबोधित

हुगली (एजेंसी)।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हुगली जिले के आरामबाग में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि आखिरकार, राज्य भाजपा नेताओं के लगातार विरोध-प्रदर्शन और जनता के भारी दबाव के बाद, उत्पीड़न के पीछे के मुख्य आरोपी को कल गिरफ्तार कर लिया गया। लेकिन इससे पहले, वह इतने दिनों तक फरार रहा। निश्चित रूप से कोई उसे बचा रहा था।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि संदेशखाली की महिलाओं ने इस तरह के जघन्य उत्पीड़न के खिलाफ सुरक्षा के लिए मुख्यमंत्री से सख्त मदद मांगी। लेकिन उस समय, वह वास्तव में आरोपियों को बचाने में व्यस्त थीं। पीएम ने कहा, समय आ गया है कि पश्चिम बंगाल के लोग मुख्यमंत्री से पूछें कि क्या कुछ लोगों के वोट उनके लिए इतने महत्वपूर्ण हैं, भले ही यह महिलाओं की गरिमा की कीमत पर हो। प्रधानमंत्री ने विपक्षी इंडिया गुट के नेताओं पर संदेशखाली मामले में पूरी तरह से चुप रहने और आँखें मूँद लेने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, इंडिया ब्लॉक में किसी ने भी संदेशखाली में जो कुछ हो रहा था, उस पर मुख्यमंत्री से स्पष्टीकरण मांगने की हिम्मत नहीं की। कोई भी वहां असहाय महिलाओं से मिलने नहीं गया। कांग्रेस अध्यक्ष ने क्या कहा, यह जानकर आप चौंक जाएंगे। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में ऐसी चीजें होती रहती हैं। क्या यह पश्चिम बंगाल के लोगों, खासकर (शेष पेज 2 पर)

मेरा झारखंड कमाल कर रहा है, नोटों की गड्डियां...

झारखंड (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार सुबह झारखंड पहुंचे। उन्होंने सबसे पहले सिंदरी उर्वरक प्लांट का उद्घाटन किया। इसके अलावा रेलवे की कई योजनाओं सहित राज्यको करीब 36 करोड़ की योजनाओं की सौगात दी। पीएम ने कहा कि उन्होंने में सिंदरी प्लांट का शिलान्यास किया था और आज इसका उद्घाटन किया है। ये मोदी की गारंटी थी जो पूरी हुई है। इसके बाद पीएम ने धनबाद के बरवाअड्डा में रोड शो किया। उन्होंने खुली जीप में लोगों का अभिवादन स्वीकार किया।धनबाद में चुनावी शंखनाद करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि मोदी की गारंटी में दम है इसलिए देश को मोदी की गारंटी पर भरोसा है। उन्होंने कहा कि झारखंड के विकास में केंद्र (शेष पेज 2 पर)

जेएमएम का मतलब हो गया जमकर खाओ

धनबाद (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि 'न झुकेंगे, न हटेंगे, गरीबों के घर का चूल्हा जलता रहे, इसे लेकर मुफ्त अनाज की योजना को चालू रखेंगे। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर आज धनबाद में चुनाव अभियान का शंखनाद किया। भाजपा की ओर से आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि झारखंड में तेज विकास के लिए जरूरी है कि यहां कानून व्यवस्था अच्छी हो, शासन-प्रशासन ईमानदार हो, लेकिन जब से जेएमएम और कांग्रेस की परिवारवदी, भ्रष्टाचारी और तुष्टिकरण वाली सरकार बनी है, तब से यहां स्थितियां बदली हैं। पीएम ने कहा- 'जेएमएम' का मतलब हो गया है- 'जमकर खाओ'। श्री मोदी ने कहा (शेष पेज 2 पर)

वैदिक घड़ी से दुनिया में प्रदेश और देश का नाम बढ़ेगा : डॉ. यादव

रीजनल इंडस्ट्रीज कॉन्क्लेव-उज्जैन 2024 एवं उज्जयिनी व्यापार मेले का हुआ शुभारंभ

भोपाल (काप्र)।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि समय के बदलते चक्र में उज्जैन में स्थापित दुनिया की पहली वैदिक घड़ी मध्यप्रदेश एवं देश का नाम दुनिया में बढ़ायेगी। अब भारत का समय दुनिया में जाना जायेगा। राज्य सरकार सम्राट विक्रमादित्य पर केन्द्रित साहित्य का सृजन करने का प्रयास भी कर रही है। सम्राट विक्रमादित्य पर हमें सदैव गर्व रहा है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को कालिदास अकादमी उज्जैन में संस्कृति विभाग स्वराज संस्थान एवं जिला प्रशासन द्वारा आयोजित विक्रमोत्सव-2024 का शुभारंभ कर संबोधित कर रहे थे। डॉ. यादव ने प्रदेश की 1.29 करोड़ लाड़ली बहनों के खाते में सिंगल क्लिक से 1576 करोड़ रुपये की राशि अंतरित की। मुख्यमंत्री ने 2.85 लाख लाड़ली योजना की बालिकाओं के खाते में 85 करोड़ रुपये की राशि भी अंतरित की। अतिथियों के साथ विक्रम पंचांग का भी विमोचन किया। डॉ. यादव ने मंचासीन अतिथियों के साथ मां सरस्वती एवं सम्राट विक्रमादित्य के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। एमएसएमई मंत्री चैतन्य काश्यप, पर्यटन एवं संस्कृति राज्यमंत्री धर्मेन्द्र भावसिंह लोधी,

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में शुक्रवार को उज्जैन में रीजनल इंडस्ट्री कान्क्लेव में उद्योगपतियों-निवेशकों के बीच एमओयू साइन हुए।

सांसद अनिल फिरोजिया और विधायक सर्वश्री अनिल जैन कालुहेड़ा, सतीश मालवीय, चिंतामण मालवीय तथा महापौर मुकेश टटवाल मंचासीन थे।

डॉ. यादव ने कहा कि सम्राट विक्रमादित्य द्वारा स्थापित सभ्यता को सर्वत्र पहचाना गया है। नागरिक तंत्र स्थापना के प्रथम पुरूष के रूप में सम्राट विक्रमादित्य जाने जाते हैं। उन्होंने कहा कि विक्रमोत्सव सरकार द्वारा समाज को साथ लेकर चलने वाला उत्सव है। उज्जैन काल गणना की नगरी है। साथ ही महाकाल की नगरी भी उज्जयिनी है। हम सनातन संस्कृति के संवाहक हैं। सनातन संस्कृति पर हमें गर्व है। महाकवि कालिदास ने अपने ग्रंथ और काव्यों के माध्यम से उज्जैन की गौरवगाथा का वर्णन (शेष पेज 2 पर)

मप्र में अदाणी ग्रुप करेगा 75 हजार करोड़ का निवेश

प्रदेश के उज्जैन में चल रही दो दिवसीय रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव की शुरुआत शुक्रवार को हुई। इस कॉन्क्लेव में देश-दुनिया के कई बड़े उद्योगपति शामिल हुए। साथ ही अदाणी एंटरप्राइजेज के डायरेक्टर प्रणव अदाणी भी इस समिट में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने मध्य प्रदेश में करीब 75 हजार करोड़ रुपये के निवेश का ऐलान किया। इसके साथ ही प्रणव अदाणी ने इस समिट में बुलाने के लिए सूबे के मुखिया मोहन यादव का धन्यवाद भी किया। प्रणव अदाणी ने समिट को संबोधित करते हुए कहा कि वे मध्य प्रदेश में निवेश करने के लिए उत्साहित हैं।

खास-खबरें

लोकसभा चुनाव से ठीक पहले भाजपा में शामिल हुए बीआरएस सांसद बीबी पाटिल

नई दिल्ली(एजेंसी)। लोकसभा चुनाव 2024 में कुछ दिन ही बचे हैं। इससे पहले पार्टियों में जोड़तोड़ की राजनीति चल रही है। तेलंगाना में केसीआर की पार्टी भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) को एक और बड़ा झटका लगा। बीआरएस के सांसद भीमराव बसवंतराव पाटिल (बीबी पाटिल) भगवाधारी हो गए हैं। भीमराव बसवंतराव पाटिल को बीबी पाटिल के नाम से जाना जाता है। वे वर्तमान में तेलंगाना के जहीराबाद लोकसभा सीट से सांसद हैं। उन्होंने महाराष्ट्र के मराठवाड़ा कृषि महाविद्यालय से बीएससी (कृषि) की डिग्री प्राप्त की।

सैलाना विधायक कमलेश्वर को गिरफ्तार करेगी पुलिस

रतलाम(नप्र)। जिले के सैलाना से विधायक कमलेश्वर डोडियार को पुलिस गिरफ्तार करेगी। मेडिकल स्टोर संचालक से एक करोड़ रुपए की डिमांड करने के मामले में गुरुवार शाम को उनके खिलाफ गैर जमानती धाराओं में मामला दर्ज किया गया था। पुलिस अब उनकी गिरफ्तारी की कोशिश में जुटी हुई है। विधायक के सैलाना वाले सरकारी आवास पर ताला लगा हुआ है। पुलिस को जानकारी मिली है कि शुक्रवार सुबह रतलाम और सैलाना के बीच स्थित डेलनपुर टोल नाका से उनकी गाड़ी क्रॉस हुई है। सैलाना एसडीओपी इडला मौर्य का कहना है कि केस दर्ज हुआ है, तो गिरफ्तारी भी होगी। जानकारी जुटाई जा रही है। संबंधितों के बयान लिए जाएंगे।

यूपी में राजमार्गों की लंबाई दस सालों में हुई दोगुनी: गडकरी

जौनपुर(एजेंसी)। केंद्रीय परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि पिछले दस सालों में उत्तर प्रदेश में राजमार्गों की लंबाई में लगभग दो गुनी हो गयी है।

बीआरपी इंटर कॉलेज के मैदान में 10 हजार करोड़ से अधिक रुपए की लागत की 19 परियोजनाओं का शिलान्यास करने के मौके पर जनसभा को संबोधित करते हुये उन्होने कहा 2014 में उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्गों की लंबाई 7343 किलोमीटर थी जबकि 2024 में यह लंबाई 13000 किलोमीटर हो गई है। उन्होंने कहा कि 2024-25 में हम उत्तर प्रदेश में पांच लाख करोड रुपए का काम पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि 2014 से 2024 तक एक लाख करोड खर्च कर कार्य पूर्ण हुए है। 41 हजार करोड से उत्तर प्रदेश में रिंग रोड व 40 बाई पास का निर्माण करेंगे। उन्होंने कहा कि जौनपुर में दस हज़ार करोड की परियोजना का शिलान्यास करने पर बहुत खुशी हो रही है। करीब दो हजार करोड से कार्य स्वीकृत हुआ है।

भारत बनेगा सेमीकंडक्टर निर्माण का प्रमुख वैश्विक केन्द्र

नई दिल्ली(एजेंसी)।

संचार, सूचना प्रौद्योगिकी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मोदी सरकार द्वारा देश में सेमीकंडक्टर निर्माण की दिशा में दी जा रही गति का उल्लेख करते हुये आज कहा कि भारत सेमीकंडक्टर निर्माण का प्रमुख वैश्विक केन्द्र बनने ही राह पर आगे बढ़ रहा है।

श्री वैष्णव ने यहां पत्रकारों से कहा कि श्री नरेन्द्र मोदी ने प्रधानमंत्री बनने के साथ ही देश में सेमीकंडक्टर के निर्माण के लिए ईकोसिस्टम बनाने का शुरू कर दिया था क्योंकि सेमीकंडक्टर बनाने में 16 हजार तरह के रसायन और विभिन्न उत्पाद लगते हैं। इसके लिए पूरा तंत्र बनाना होता है और यह वैश्विक उत्पाद है क्योंकि कोई भी देश इसको अपने बूते पर पूरी तरह से नहीं बना सकता है। इसमें रसायन के साथ ही गैस का उपयोग किया जाता है। उन्होंने कहा कि देश के 104 विश्वविद्यालयों के साथ साझेदारी कर छात्रों को सेमीकंडक्टर के बारे में बताया जा रहा है और उनको इसके लिए तैयार किया जा रहा है। स्टार्टअप का सहयोग भी लिया जा रहा है और उन्हें भी इसके निर्माण में आगे लाया जा रहा है। अभी भारत में दुनिया का एक तिहाई अर्थात तीन लाख डिजाइन इंजीनियर हैं जो पूरी दुनिया भर की कंपनियों के लिए सेमीकंडक्टर डिजाइन का काम कर रहे हैं।

श्री वैष्णव ने कहा कि देश को सेमीकंडक्टर निर्माण का प्रमुख वैश्विक केन्द्र बनाने के लिए 20 वर्षों का रोडमैप तैयार किया गया है क्योंकि इसके निर्माण 16 हजार से अधिक चीजें लगती है जो किसी एक देश में उपलब्ध होना असंभव है। लेकिन प्रधानमंत्री ने अपने दूरदर्शी नेतृत्व से भारत को इस क्षेत्र में प्रमुख वैश्विक केन्द्र बनाने की रूपरेखा तय की है और उसी के (शेष पेज 2 पर)

महादेव सट्टा एप का मुख्य प्रमोटर गिरीश तलरेजा भोपाल से गिरफ्तार

भोपाल(काप्र)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने महादेव सट्टा एप से जुड़े एक और मुख्य आरोपी गिरीश तलरेजा को गिरफ्तार कर लिया है। तलरेजा के ठिकानों पर बीते समय भी छापा मारा गया था। बीती रात ईडी की टीम ने गिरीश तलरेजा को भोपाल स्थित उसके निवास से गिरफ्तार कर लिया है। गिरीश तलरेजा महावेद सट्टा एप के मुख्य प्रमोटर्स में शामिल है। गौरतलब है कि जब ईडी ने छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में महादेव सट्टा एप को लेकर कार्रवाई शुरू करते हुए शुभम सोनी को गिरफ्तार किया था। उसके बाद खुलासा हुआ कि रायपुर में रहने वाला शुभम सोनी और भोपाल निवासी प्रदीप तलरेजा और रतनलाल जैन के बीच करोड़ों की रकम का लेनदेन हुआ है। आगे की पड़ताल में सामने आया कि प्रदीप तलरेजा भी महादेव सट्टा एप का प्रमोटर है। इसके बाद उसके खिलाफ मामला दर्ज कर ईडी ने आगे की जांच शुरू की। इंटेलीजेंस की सूचना के बाद ईडी की टीम ने गिरीश को गिरफ्तार कर लिया।

बैंग्लूरू के कैफे में धमाके, नौ घायल

बैंग्लूरू (एजेंसी)। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने शुक्रवार को पुष्टि की कि बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे में कम तीव्रता वाला इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस बम विस्फोट हुआ था। शुक्रवार दोपहर को लोकप्रिय भोजनालय में हुए विस्फोट में 9 लोग घायल हो गए। सीएम सिद्धारमैया ने भी पुष्टि की कि सीसीटीवी फुटेज में एक व्यक्ति को कैफे में बैग छोड़ते हुए देखा गया था। प्रारंभिक रिपोर्टों से संकेत मिला था कि बैग में रखी किसी वस्तु के कारण कैफे में विस्फोट हुआ। मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य के गृह मंत्री स्थिति का निरीक्षण करने के लिए कैफे की ओर जा रहे हैं। सीएम ने यह भी कहा कि उनकी सरकार में पहली बार विस्फोट हुआ है। शहर के मशहूर रामेश्वरम कैफे में शुक्रवार दोपहर हुए रहस्यमय विस्फोट में नौ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

राहुल की न्याय यात्रा आज मुरैना में

भोपाल (काप्र)। अभा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी द्वारा जारी भारत जोड़ो न्याय यात्रा शनिवार को धौलपुर (राजस्थान) सीमा से दोपहर 1.30 बजे मध्यप्रदेश के मुरैना में प्रवेश करेगी।

प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष केके मिश्रा ने बताया कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा कल 2 मार्च को दोपहर 1.30 बजे प्रदेश के मुरैना में प्रवेश करेगी। कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष योगेश यादव के नेतृत्व और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी सहित पार्टी के अन्य नेताओं और पार्टी पदाधिकारियों की उपस्थिति में पार्टी ध्वज को सलामी देकर उत्तरप्रदेश कांग्रेस के पदाधिकारियों द्वारा मप्र कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों को ध्वज सौंपने का कार्यक्रम दोपहर 2 बजे जेबी ढाबा, पिपरई (देवपुरी ढाबा) में किया जायेगा। न्याय यात्रा के 2 मार्च के प्रभारी अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव मप्र प्रभारी शिव भाटिया, राज्यसभा सांसद अशोक सिंह और पूर्व नेता प्रतिपक्ष डॉ.गोविंद सिंह हैं।श्री मिश्रा ने बताया कि यात्रा दोपहर 2.30 बजे अंडर ब्रिज के पास मुरैना में रोड शो होगा, जहां श्री गांधी का भव्य स्वागत भी किया जायेगा। तत्पश्चात शाम 5 बजे ग्वालियर शहर में यात्रा का स्वागत और ग्वालियर में ही चार शहर नाका से हजीरा चौक तक रोड शो होगा।

हम चिप नहीं लगा सकते, प्राइवेसी भी कोई चीज है, सुको ने खारिज की सांसदों विधायकों की निगरानी याचिका

नई दिल्ली(एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने सांसदों-विधायकों की डिजिटल निगरानी की मांग वाली जनहित याचिका को खारिज कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि देश के सभी सांसदों और विधायकों की हम निगरानी नहीं कर सकते। प्राइवेसी का अधिकार नाम की भी कोई चीज है। वे जो करते हैं उसकी निगरानी के लिए हम उनके पैरों या हाथों पर इलेक्ट्रॉनिक चिप नहीं लगा सकते। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने सांसदों-विधायकों से संबंधित जनहित याचिका को खारिज कर दिया है। सीजेआई ने कहा कि बेहतर पारदर्शिता के लिए सभी निर्वाचित सांसदों और विधायकों की गतिविधियों की डिजिटल निगरानी की मांग संबंधी जनहित याचिका सुप्रीम कोर्ट में दायर की गई थी। हालांकि, सर्वोच्च अदालत ने शुक्रवार को इस पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया।

स्पेशल खबर *लोकसभा चुनाव से पहले चुनाव आयोग ने जारी की एडवाइजरी, कहा-...*

मर्यादा में रहकर करना होगा प्रचार :चुनाव आयोग

नई दिल्ली (एजेंसी)।

देश में आने वाले हफ्तों में होने वाले लोकसभा चुनावों से पहले, भारत निर्वाचन आयोग ने राजनीतिक दलों, उम्मीदवारों और स्टार प्रचारकों से कहा है कि आदर्श आचार संहिता के प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष उल्लंघन के मामले में उन्हें कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

अपनी एडवाइजरी में चुनाव आयोग ने पार्टियों, उम्मीदवारों, स्टार प्रचारकों से जाति, धर्म, भाषा के आधार पर अपील नहीं करने का आग्रह किया है। आयोग ने पार्टियों और नेताओं से कहा है कि वे बिना तथ्यात्मक आधार वाले बयान न दें और मतदाताओं को गुमराह न करें।

चुनाव आयोग ने पार्टियों से मर्यादा और अत्यधिक संयम बनाए रखने, चुनाव अभियान के स्तर को मुद्दा-आधारित बहस तक बढ़ाने को कहा। पूर्व में नोटिस प्राप्त कर चुके स्टार प्रचारकों, उम्मीदवारों को दोबारा आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने पर कड़ी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा।

सोशल मीडिया पर प्रतिद्वंद्वियों की निंदा या अपमान करने वाले पोस्ट, खराब स्वाद वाले या गरिमा से नीचे के पोस्ट साझा नहीं किए जाने चाहिए। ऐसी बातें न कही जाएं, जिनमें भक्त-देवता संबंधों का उपहास हो, और न ही दैवीय निंदा की जानी चाहिए। लोकसभा चुनाव से पहले, निर्वाचन आयोग ने राजनीतिक दलों से मर्यादा और अत्यधिक संयम बनाए रखने, चुनाव अभियान के स्तर को मुद्दा-आधारित रखने को कहा। भाजपा ने निर्वाचन आयोग से आगामी लोकसभा चुनाव के दौरान सभी मतदान केंद्रों पर मतदान प्रक्रिया की वीडियोग्राफी कराने और शहरी इलाकों में विभिन्न आवासीय सोसायटी के परिसरों में भी मतदान केंद्र स्थापित किए जाने की मांग की।

वरिष्ठ कांग्रेस नेता अजीज कुरैशी का निधन

भोपाल(काप्र)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व राज्यपाल अजीज कुरैशी का आज यहां निधन हो गया है। श्री कुरैशी लंबे समय से बीमार चल रहे थे। श्री कुरैशी ने भोपाल के एक निजी अस्पताल में अंतिम सांस ली। उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और मिजोरम के राज्यपाल डॉ. कुरैशी 83 साल के थे। स्वास्थ्य खराब होने की वजह से उन्हें पिछले दिनों भोपाल के एक निजी अस्पताल में भर्ती किया गया था। शुक्रवार को उन्होंने अंतिम सांस ली। जनाजे की नमाज के बाद रात 8:30 बजे सेफिया मस्जिद में नमाज-ए-जनाजा अदा कर उन्हें भोपाल टॉकीज के पीछे बड़ा बाग कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक किया गया।

मुख्यमंत्री ने जताया शोक : मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पूर्व राज्यपाल अजीज कुरैशी के निधन पर शोक व्यक्त किया है। डॉ. यादव ने दिवंगत श्री कुरैशी को श्रद्धांजलि देते हुए उनकी आत्मा की शांति और शोकाकुल परिजन को यह दु:ख सहन करने की सामर्थ्य देने की प्रार्थना की है।